**डेंगू के केस 400 फिर भी बेपरवाह**

# सिर्फ आयुक्त के घर पर फॉगिंग अलकापुरी के लोगों ने खोली पोल

## अव्यवस्था... रहवासियों ने सवाल किए तो गाड़ी लेकर भागे कर्मचारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अधिकारी खुश तो पूरा शहर खुश... इन लाइनों की गांठ बांधकर नगर निगम का अमला काम करने में जुटा है। ताजा वाकया अलकापुरी का ही सामने आया है, जहां आयुक्त सोमनाथ झारिया निवास करते हैं। बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल हुआ... जिसमें आयुक्त के घर के बाहर फॉगिंग होते ही कर्मचारी मशीन बंद कर जा रहे थे। रहवासियों ने पकड़ कर सवाल किए तो कर्मचारी बिना जवाब दिए गाड़ी लेकर रवाना हो गए।

हमारे शहर में डेंगू बेकाबू हो रहा है, ऐसे में यह लापरवाही और अफसरों की चापलूसी सीधे तौर पर आंखों पर बंधी पट्टी को उजागर कर रही है। फॉगिंग का यह वीडियो बुधवार को सुबह 6.40 बजे का बताया जा रहा है। जिसमें अलकापुरी के रहवासी डॉ. प्रदीपसिंह राव भी खड़े दिख रहे हैं। एक शख्स वीडियो में फॉगिंग वाहन चालक और पास बैठे कर्मचारी से सवाल करता है कि सिर्फ यहां क्यों कर रहे हो फॉगिंग...? हम कब से देख रहे हैं तुम आयुक्त और सीएमएचओ के घर के बाहर फॉगिंग कर रवाना हो जाते हैं। निगम कर्मचारी बात का जवाब दिए बिना ही... गाड़ी लेकर रवाना हो जाते हैं।



आयुक्त के घर के बाहर फॉगिंग करते कर्मचारी। भास्कर

दै. भास्कर 14/10/21

## पत्रिका की खबर के बाद 49 वार्डों में शुरू किया सर्वे

# आठ दिन शेष, अब भी 9 हजार से अधिक का सर्वे बाकी

**फॉलोअप**


22 तक सर्वे नहीं हुआ तो नहीं मिलेगी राशि

**पत्रिका**

*प्रकाशित खबर।*

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में सामाजिक पेंशन योजना के हितग्राहियों को समय पर पेंशन मिले इसके लिए नगर निगम ने बुधवार से सर्वे कार्य की शुरुआत कर दी। पत्रिका ने इस मामले में बुधवार को समाचार का प्रकाशन किया था। इसके बाद निगम के अधिकारियों ने 49 वार्ड में सर्वे के लिए दल बनाया व इस कार्य की शुरुआत कर दी। पहले दिन करीब डेढ़ हजार लोगों का सर्वे हो पाया। अब भी 9500 लोगों का सर्वे कार्य होना शेष है।

बता दे कि शहर में नगर निगम को 21 अक्टूबर तक कुल 11 हजार ऐसे हितग्राहियों का सर्वे करना है जो सामाजिक पेंशन योजना की श्रेणी में आते हैं। जब यह सामने आया कि 21 अक्टूबर तक सर्वे होकर हितग्राहियों का नाम पोर्टल में दर्ज नहीं हुआ तो 22 अक्टूबर को इनको पेंशन नहीं मिलेगी। इसके बाद निगम के अधिकारियों के होश उड़ गए।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 49 वार्डों में सर्वे के लिए दल का गठन किया। इसमे सर्वे करने के स्थान, सर्वे करने वाले कर्मचारी व इन पर अपडेट लेने वाले उपयंत्री को लगाया गया। हर उपयंत्री को 4-4 वार्ड दिए गए। पहले दिन सर्वे के लिए तय स्थान पर अधिक लोग नहीं आए। असल में सर्वे के लिए कर्मचारी को हितग्राहियों के घर पर जाना था, लेकिन निगम के अधिकारियों ने हर वार्ड में एक एक स्थान तय कर लिया जहां पर कर्मचारी को बैठना था। इस स्थान पर हितग्राहियों का इंतजार किया गया, जबकि हितग्राही घर पर सर्वे करने आने वाले का इंतजार करते रहे।

सामाजिक पेंशन योजना में सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। इस कार्य में तेजी लाई जाएगी व यह भरोसा दिलाते है कि एक भी घर व हितग्राही को इसमे छोड़ा नहीं जाएगा। - **सोमनाथ झारिया,**
आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 14/10/21

निगम अमले को लौटना पड़ा खाली हाथ

# बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में तबेला हटाने पहुंचे, लेकिन दस्तावेज ले जाना भूले



रतलाम. शहर में मवेशियों को सड़क से आने के लिए रोकने के लिए नगर निगम ने मवेशी पकड़ने के साथ साथ अवैध तबेले तोड़ने का भी अभियान चलाया हुआ है। बुधवार को निगम का दल बाजना बस स्टैंड पर दल आधी अधूरी तैयारी के साथ तबेला तोड़ने गया, लेकिन दल को वापस लौटना पड़ा। यहां पर जिसका तबेला तोड़ने गए उसने न्यायालय का स्टे दिखा दिया, बदले में निगम का दल स्टे हट गया, यह दस्तावेज ले जाना ही भूल गया।

असल में बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर निगम का दल शहर के बाजना बस स्टैंड क्षेत्र पर बने हुए एक तबेले को हटाने पहुंचा। यहां पर करीब एक एक घंटे तक निगम के अधिकारियों को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के आदेश का इंतजार करना पड़ा। निगम के अधिकारियों के अनुसार वे दोपहर करीब 12 बजे बाद बाजना बस स्टैंड में जेसीबी व मजदूर आदि लेकर पहुंचे। इस दौरान साथ में निगम के उपयंत्री मनीष तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह आदि साथ थे। बताया जाता है कि शासकीय भूमि पर आवंटित पट्टा स्वामी बंशीलाल के तबेले पर कार्रवाई करने दल गया था। इस बीच क्षेत्र में दल बल के साथ माणकचौक थाने के कार्यवाहक प्रभारी दिलीप राजौरिया भी पहुंच गए। पट्टा स्वामी बंशीलाल ने पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम को न्यायालय से मिला स्टे का पत्र दिखा दिया। न्यायालय से मिला स्टे का पत्र देखने के बाद दल ने निगम के अभिभाषक वीरेंद्र पाटीदार से बात की। निगम के अभिभाषक पाटीदार ने दल को सूचना दी कि इस मामले में न्यायालय ने 12 अक्टूबर को स्टे खारिज कर दिया है। सूचना पट्टा स्वामी को दी तो अभिभाषक ने स्टे खारिज होने का पत्र दिखाने के लिए कहा, जो अमला नहीं दिखा सका।

पत्रिका 14/10/21

त्योहार में भी शहर प्यासा

# 2 दिन में 8 घंटे से अधिक की कटौती, नहीं भर पा रही टंकियां

**रतलाम.** शहर में मिलने वाले पेयजल को लाने का कार्य धोलावाड से मोरवानी लाकर फिल्टर करके वितरण होता है। बिजली कंपनी ने दो दिन में करीब 8 घंटे से अधिक की कटौती की, इससे पेयजल टंकियां शहर में नहीं भर पाई। इससे पेयजल वितरण कार्य प्रभावित हुआ।

शहर में अब तक मटमेला पानी, पेयजल पाइप लाइन में रिसाव आदि तो होता ही रहा है, अब निगम का पेयजल विभाग शहर को त्योहार में भी समय पर पेयजल देने में फिसड्डी साबित हो रहा है। स्थिति यह है कि जिन क्षेत्रों में सुबह 6 बजे से 9 बजे तक मध्य पेयजल वितरण होने का समय है वहां पर शाम को पेयजल का वितरण किया गया। ऐसे में आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा है।

धोलावाड़ मोरवानी क्षेत्र में बिजली कंपनी के रखरखाव के चलते बार बार बिजली का फाल्ट हुआ। ऐसे में बार बार की ट्रीपिंग के चलते शहर की पेयजल टंकियां समय पर नहीं भर पाई। इससे बुधवार को शहर के श्रीमाली वास, काटजू नगर, मोचीपुरा, गांधीनगर, प्रतापनगर, स्टेशन रोड सहित अलग-अलग क्षेत्रों में पेयजल टंकी को समय पर नहीं भरा जा सका। इससे पेयजल देरी से वितरण हुआ।

बिजली कटौती से पेयजल टंकी भरने में समस्या आती है। इसके लिए पूर्व में भी बिजली कंपनी के अधिकारियों को सूचना दी है। इस बार भी सूचना दी जा रही है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त, नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 14/10/21

# समय पर हो सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों का सत्यापनः विधायक काश्यप

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों का नगर निगम द्वारा भौतिक सत्यापन समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा की और केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत? शहर के 10200 से अधिक पेंशनरों का भौतिक सत्यापन जल्द से जल्द करने पर बल दिया है। श्री काश्यप ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों का सत्यापन करने की प्रक्रिया रतलाम में काफी धीमी चल रही है। सरकार द्वारा प्रतिमाह 22 तारीख को हितग्राहियों के खाते में पेंशन जमा की जाती है। यदि समयबद्धता से सत्यापन कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो हितग्राहियों को 22 अक्टूबर पश्चात पेंशन प्राप्त करने में दिक्कत आएगी। श्री काश्यप ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों से आह्वान किया कि वे समय पर अपना भौतिक सत्यापन कराएं, ताकि पेंशन प्राप्ति में परेशानी ना हो।

**कन्यापूजन व कन्या भोज का आयोजन**-धार। सार्वजनिक हटवाड़ा समिति, धार के तत्वावधान में नवरात्रि के पर्व पर सोमवार को स्थानीय गरबा चौक में कन्यापुजन व कन्या भोजन का आयोजन किया गया। समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से माता की प्रतिमा गरबा चौक में विराजित करती आ रही है। इस वर्ष यहां पर माँ अम्बे व उज्जैन की माँ हरसिद्धि की प्रतिमा विराजित की गई है। साथ ही यहां सैकड़ो की संख्या में स्थानीय बालिकाएं गरबा करती है। परंतु पिछले वर्ष कोविड की लहर को देखते हुए गरबो का आयोजन नही किया गया था तथा इस वर्ष शासन की जारी गाइडलाइंस के अनुसार गरबो का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी नवदुर्गा उत्सव के सचिव वल्लभ कृष्णकांत राठोड़ ने दी।

14/10/21

# समय पर हो सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों का सत्यापनः विधायक

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों का नगर निगम द्वारा भौतिक सत्यापन समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा की और केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत शहर के 10200 से अधिक पेंशनरों का भौतिक सत्यापन जल्द से जल्द करने पर बल दिया है। श्री काश्यप ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों का सत्यापन करने की प्रक्रिया रतलाम में काफी धीमी चल रही है। सरकार द्वारा प्रतिमाह 22 तारीख को हितग्राहियों के खाते में पेंशन जमा की जाती है। यदि समयबद्धता से सत्यापन कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो हितग्राहियों को 22 अक्टूबर पश्चात पेंशन प्राप्त करने में दिक्कत आएगी। श्री काश्यप ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों से आह्वान किया कि वे समय पर अपना भौतिक सत्यापन कराएं, ताकि पेंशन प्राप्ति में परेशानी ना हो।

नवभारत 14/10/21

# पेंशन पाने वाले हितग्राही अपना भौतिक सत्यापन करवायें

**रतलाम**। रतलाम शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, नि:शक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा पेंशन पाने वाले हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों को

आवश्यक दस्तावेज बीपीएल राशन कार्ड, समग्र आईडी, बैंक खाते की पास बुक, निवासी, जन्म, आयु, चिकित्सक, नि:शक्तता, आयकर दाता ना हो, पति की मृत्यु का प्रमाण-पत्र, अंक सूची, मतदाता सूची, मतदाता परिचय-पत्र, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत जारी जाब कार्ड, उपलब्ध कराकर या नगर निगम के आईटी सेल में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करवायें।

# तबेले हटाने की कारवाई करने पहुंचा निगम का अमला बैरंग लौटा

रतलाम। अतिक्रमण अभियान में बुधवार को बाजना बस स्टैंड क्षेत्र पर तबेले हटाने की कार्रवाई करने पहुंचे नगर निगम और पुलिस के संयुक्त अमले को उल्टे पैर लौटना पड़ा। 1 घंटे तक नगर निगम आयुक्त के निर्देश का इंतजार के साथ

**▶ नगर निगम नहीं दिखा सका कोर्ट स्टे खारिज होने का पत्र**

स्थानीय एक परिवार के आक्रोश सहन करने के बाद संयुक्त अमला मौखिक आदेश देकर मौके से रवाना हो गया।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से एपी सिंह, लोकनिर्माण



विभाग के उपयंत्री मनीष तिवारी जेसीबी व मजदूरों के साथ बाजना बस स्टैंड क्षेत्र स्थित शासकीय भूमि पर आवंटित पट्टा स्वामी बंशीलाल के तबेले पर कार्रवाई करने पहुंचे। थोड़ी देर बाद स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल और माणकचौक थाने के कार्यवाहक प्रभारी दिलीप राजौरिया भी पहुंचे। कार्रवाई के दौरान पट्टा स्वामी बंशीलाल ने संयुक्त टीम को कोर्ट से स्टे का पत्र दिखाया। कोर्ट स्टे का पत्र देखने के बाद अमले ने निगम के अभिभाषक वीरेंद्र पाटीदार से चर्चा की। निगम के अभिभाषक पाटीदार ने अमले को बताया कि उक्त मामले में कोर्ट ने 12 अक्टूबर को स्टे खारिज कर दिया। पट्टा स्वामी की ओर से पहुंचे अभिभाषक ने स्टे खारिज होने का पत्र दिखाने के लिए कहा, जो कि निगम अमला मौके पर नहीं दिखा सका। काफी देर तक जद्दोजहद होने के बाद नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कोर्ट से आदेश प्राप्त करने के बाद कार्रवाई की बात कही। इसके बाद संयुक्त अमला पट्टा स्वामी को दशहरा पूर्व कब्जा खाली करने की हिदायत के साथ वापस लौट आया।

नवभारत

नवभारत 14/10/21

शहर विधायक काश्यप ने दिए थे निर्देश

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों का सत्यापन शुरू

रतलाम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन समय पर पूरा किया जाए। विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा मंगलवार को दिए गए निर्देश पर बुधवार से नगर निगम ने अमल शुरू कर दिया है। इसके शिविर लगाने के साथ ही लोगो से संपर्क किया जा रहा है। मंगलवार को विधायक चेतन्य काश्यप ने इस संबंध में कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की थी। इसमें केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत शहर के 10200 से अधिक पेंशनरों का भौतिक सत्यापन जल्द से जल्द करने को कहा था।

श्री काश्यप ने बताया सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों का सत्यापन करने की प्रक्रिया रतलाम में काफी धीमी चल रही है। सरकार द्वारा प्रतिमाह 22 तारीख को हितग्राहियों के खाते में पेंशन जमा की जाती है। यदि समय पर सत्यापन नहीं हुआ तो हितग्राहियों को 22 अक्टूबर के बाद पेंशन मिलने में दिक्कत आएगी। विधायक काश्यप ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों से भी खुद आगे आकर अपना भौतिक सत्यापन कराने की अपील की है। इससे उन्हें भी समय पर पेंशन मिल जाएगी।

दै. भास्कर 14/10/21

# 16 रिपोर्ट में चार डेंगू के नए मरीज, 57 घरों में लार्वा भी मिला

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। एलाइजा जांच की 16 रिपार्ट में बुधवार को डेंगू के चार नए मरीज मिले और सर्वे के दौरान 57 घरों में लार्वा भी मिला, जिसे नष्ट कराया गया। मरीजों का आंकड़ा बढ़ते हुए 421 पहुंच गया। इसमें जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज लैब में हुई एलाइजा जांच में पाजिटिव मिले मरीज शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि अक्टूबर में डेंगू के नए मामलों की संख्या में थोड़ी कमी आई है और इसका असर मानव सेवा समिति कार्यालय पर दिखने लगा है। दो दिन से प्लेटलेट्स लेने वालों की संख्या बीस प्रतिशत तक कम हुई है। पहले जहां रोज 100 अधिक लोग प्लेटलेट्स प्राप्त कर रहे थे, अब यह संख्या 80 तक हो गई है। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन पाटीदार मुरलीवाला ने बताया की दो दिन से प्लेटलेट्स प्राप्त करने वालों की संख्या में कमी आई है।

संभावना है कि अब मरीज कम होंगे। गंभीर बात यह है कि प्रभावित मरीजों में बच्चों व युवाओं की संख्या ज्यादा है। हालात यह है कि मेडिकल कालेज में डेंगू के उपचार के लिए ही सात वार्ड संचालित किए जा रहे हैं, जहां बुधवार को भी बेड खाली नहीं रहे। यही हाल जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में भी रहा।

बुधवार को भी जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में नए मरीज मिले हैं। मलेरिया विभाग का सर्वे भी चलता रहा। 598 घरों के सर्वे में 57 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया है। 22 पानी टंकी, 23 कंटेनर, और नौ बेकार टायरों में भी लार्वा मिला है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि बुधवार को चार नए मामले मिले और सर्वे लगातार चल रहा है। पूरी संभावना है, कि अगले 15 दिन में डेंगू के फैलाव में रोक लग जाएगी।

नईदुनिया 14/10/19

# पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान से मप्र तत्काल जुड़ेगा- शिवराज



भोपाल ● 13 अक्टूबर ( ब्यूरो )
मप्र के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन, कल्पनाशील मस्तिष्क, विकास की ललक, रोडमैप तैयार करना और उस पर पूरी ताकत से पूरे देश को चलाना, सचमुच अद्भुत है। वे एक नया भारत गढ़ रहे हैं। उनके इस विकास के महाभियान में मध्यप्रदेश पूरी ताकत से जुटेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज प्रगति मैदान दिल्ली में आयोजित 'प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' कार्यक्रम में भोपाल के मिंटो हॉल से वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए सामूहिक शक्ति और एकजुटता से ताकत लगाने की आवश्यकता है। विभिन्न विभागों की गतिविधियों में परस्पर समन्वय जरूरी है। टैक्सपेयर के एक-एक पैसे का कैसे सही उपयोग हो, यह दायित्व सरकारों का और अधिकारियों का भी है। उन्होंने मिंटो हॉल में राज्य स्तरीय 'कॉन्फ्रेंस ऑन मल्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी' का शुभारंभ भी किया। श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश तत्काल पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से जुड़ने का फैसला करता है। हम प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलेंगे और मध्यप्रदेश सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करेगा। सरकार का मतलब हम सब है, केवल मुख्यमंत्री और अधिकारी नहीं। जनभागीदारी के मॉडल पर प्रदेश में कई अभियान संचालित किए गए हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के अनेक कार्य प्रदेश में किए जा रहे हैं। समय-सीमा में काम पूरे हों, गुणवत्तापूर्ण कार्य हों, सामंजस्य के साथ काम हों, सारे प्रयास एक दिशा में हों, जिससे समय भी बचे और पैसा भी। स्वदेश

## बिना निजी क्षेत्र को जोड़े विकास संभव नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि मल्टी मॉडल इन्फ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी के तहत हम सब विकास के पार्टनर हैं। बिना निजी क्षेत्र को जोड़े विकास संभव नहीं है। सरकारी शब्द के लिए बने माइंड सेट बदलने की जरूरत है। श्री मोदी के दिखाए गए मार्ग पर मिल-जुलकर चलते हुए हम अपनी सृजनात्मक क्षमता का उपयोग कर प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि गति शक्ति एक डिजिटल प्लेटफार्म है, जो एकीकृत योजना और बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी परियोजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन के लिए रेल और सड़क मार्ग सहित 16 मंत्रालयों को एक साथ लाएगा।

स्वदेश 14/10/21

# हर बार शिकायत, स्थायी समाधान हो



**रतलाम.** पटरी पार क्षेत्र सनसिटी में कचरा संग्रहण के लिए मैजिक वाहन के नहीं जाने से गंदगी बढ़ती जा रही है। ऐसे में रहवासियों ने मंगलवार को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को ज्ञापन दिया। रहवासियों के अनुसार बार बार अधिकारी को बोलने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। जब रहवासी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत करते हैं तब जाकर कुछ दिन के लिए वाहन आता है व इसके बाद अचानक फिर से बंद हो जाता है। ऐसे में घर में रखा कचरा सड़ांध मारने लगता है। रहवासियों ने आयुक्त से मांग करते हुए कहा कि स्थायी समाधान समस्या का किया जाए। क्षेत्र के डॉ. आरएच राठौर, नीलेश पाठक, जगदीशचंद्र सीनम, राकेश शर्मा आदि इस दौरान उपस्थित रहे।

पत्रिका 14/10/21

# 'कोरोना' के बाद जिले में कहर बरपा रहा है 'डेंगू'

रतलाम। कोरोना की दूसरी लहर काबू में आने के बाद जिलेवासी तीसरी लहर की आशंका से परेशान थे। लेकिन तीसरी लहर से पहले डेंगू कहर बरपा रहा है। सरकारी आंकडों में इस सप्ताह डेंगू पॉजीटिव की संख्या 400 के पास हो गई। जबकि अपुष्ट जानकारी के मुताबिक यह संख्या हजारों में हो सकती है, क्योंकि इसमें निजी लेबों पर हो रही जांच के आंकड़े शामिल नहीं हैं।

सरकारी आंकडों में भी डेंगू नए रिकॉर्ड बनाने के करीब है। इसके पॉजिटिव 400 के करीब पहली बार आए हैं, इससे पहले 2018 में 242 रिकार्ड मरीज मिले थे। डेंगू पर नियंत्रण के लिए इसका लार्वा नियंत्रित होना जरूरी है, लेकिन शहर में लगातार चल रहे सर्वे में लार्वा मिल रहा है। वर्तमान में जिले के सभी अस्पताल डेंगू पीडितों से भरे हैं। मेडिकल कॉलेज में भी डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

डेंगू के कारण प्लेटलेट की कमी होती है। इसलिए ब्लड बैंकों पर इसकी मांग बहुत बढ़ गई है। मानव सेवा समिति द्वारा संचालित ब्लड बैंक पर प्रतिदिन रक्तदान और प्लेटलेट देने की प्रक्रिया चल रही है। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति की माने तो इस दौर में मच्छरों से बचाव प्राथमिकता से होना चाहिए, लेकिन विडंबना है कि शहर में इन दिनों मच्छरों की भरमार है। शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों और चाक पड़ी नालियों में पानी भरने पर डेंगू का लार्वा मिल रहा है। उन्होंने शहरवासियों से पानी एकत्र होने वाले स्थानों को साफ रखने पर बल दिया है, ताकि डेंगू का लार्वा बढ़ने से रोका जा सके।

अग्निबाण 14/10/21

# आमजन मच्छरों के भरोसे वीआइवी गलियों में फागिंग

रतलाम। शहर में अलकापुरी घनी आबादी वाली कालोनी है। यहां नगर के बड़े अधिकारियों का निवास भी है। डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए कालोनी में जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे रोचक है। यहां आम आदमियों को मच्छरों के भरोसे छोड़ दिया गया है। हर दिन फागिंग मशीन आती है और सिर्फ वीआइपी गलियों में धुआं छोड़कर चली जाती है। नागरिक पीछे-पीछे दौड़ते है कि हमारी गली में बहुत मच्छर है इधर धुआं छोड़ो, लेकिन वे निरुत्तर है।

बुधवार को कुछ नागरिकों और पत्रकारों ने फागिंग गाड़ी का पीछा किया और वीडियो बनाया। गाड़ी वाले को गांधी स्कूल के सामने घेर लिया। उससे कहा कि वर्क आर्डर बताओ। एक-दो वीआइपी गलियों में ही रोज धुआं करते हो तो वह कहता रहा कि वीडियो मत बनाओ और भाग गया। जागरूक निवासियों ने निर्णय लिया है कि अब इस गाड़ी का घेराव करेंगे और खास अधिकारियों की गलियों में धरना देंगे। शहर विधायक के नाम ज्ञापन तैयार किया गया है, जो कलेक्टर को भी दिया जाएगा। ज्ञात हो कि कुछ ही दिनों पूर्व ही मीडिया ने वीआइपी की पूछपरख और जनता जनार्दन की उपेक्षा को लेकर पोल खोली थी, लेकिन लगता है वीआइपी लोगों, अधिकारियों के कान में जूं नही रेंग रही है।

नई दुनिया 14/10/21

ज्यादा बताई गई है, जबकि शहर में सरकारी

मामला फूड जोन के लिए दुकानें हटाने का

# आखिरकार न्यायालय से दुकानदारों को मिली राहत

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा लोकेंद्र भवन के सामने प्रस्तावित फूड जोन के लिए स्टेडियम मार्केट की 53 दुकानों को खाली कराने की प्रक्रिया में मंगलवार को न्यायालय का स्थगन हो गया। न्यायालय ने दो दुकान संचालकों को स्थगन दिया है, लेकिन इससे फूड जोन की पूरी प्रकिया प्रभावित हो सकती है।

गौरतलब है कि रतलाम नगर निगम ने इंदौर के 56 दुकान की तर्ज पर लोकेंद्र भवन के सामने फूड जोन बनाने की योजना तैयार की है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर फूड जोन का प्राक्कलन बनाने का काम अंतिम चरण में है। पिछले दिनों फूड जोन के लिए लोकेंद्र भवन के सामने से सब्जी विक्रेताओं के ओटले तोड़ दिए गए थे। इसके बाद निगम ने स्टेडियम मार्केट की 53 दुकानों को खाली कराने के लिए उनके संचालकों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें दुकानदारों को 7 से 30 दिन का समय दिया गया है। नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों ने राजनेताओं से संपर्क साधा, लेकिन राहत नहीं मिली।

नोटिस के खिलाफ बाद में दो दुकानदारों ने न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था, जिसकी सुनवाई करने के बाद न्यायालय ने मंगलवार को प्रकरण में स्थगन देते हुए यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। यह स्थगन वादी दुकानदार अशोक शर्मा एवं अब्दुल वकार खोखर को मिला है। न्यायालय में उनकी पैरवी अभिभाषक संदीप निगम ने की। उन्होंने बताया कि प्रकरण की अगली सुनवाई के लिए न्यायालय ने 25 अक्टूबर

उजाला

उजाला 14/10/21

## नगर निगम की टूटी कुंभकरणी नींद...

# रावण का पुतला बनना शुरू

### दैनिक भास्कर की खबर के बाद फाइल आगे बढ़ी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आखिरकार नगर निगम की कुंभकरणी नींद टूट गई। दशहरे से दो दिन पहले दशानन का पुतला बनना शुरू हो गया। दैनिक भास्कर में बुधवार को खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने ताबड़तोड़ फाइल आगे बढ़ाई, दोपहर बाद से पुतला बनाना भी शुरू हो गया। कारीगर का दावा है कि दशहरे के दिन रावण का पुतला नेहरू स्टेडियम में तैयार खड़ा कर दिया जाएगा।

रावण बनाने का टेंडर आर इवेंट मैनेजमेंट फर्म को मिला है। टेंडर स्वीकृत होते ही नेहरू स्टेडियम के पास आंबेडकर भवन में रावण का पुतला बनना शुरू हो गया है।



नेहरू स्टेडियम पर रावण का पुतला बनाते हुए कारीगर।

बुधवार देर शाम तक बांस से रावण के पुतले का ढांचा बनाया जा रहा था। फर्म के संचालक राजेश पंडित ने बताया कि पिछले साल भी उन्होंने ही रावण का पुतला बनाने का टेंडर लिया था। इस बार 65 हजार रुपए में टेंडर लिया है। ताल, आलोट, मंदसौर, निम्बाहेड़ा, शामगढ़ सहित अन्य शहरों में भी रावण बना चुके हैं। दो दिन में रावण का पुतला बनाकर नेहरू स्टेडियम में खड़ा कर देंगे। भास्कर

दै. भास्कर १४/१०/२१

## मिड टाउन में पेयजल कनेक्शन शुरुआत



पत्रिका

रतलाम. शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने मिड टाउन कालोनी में बल्क पेयजल कनेक्शन योजना की समारोहपूर्वक शुरुआत बुधवार को की। काश्यप ने कहा कि पानी एवं साफ-सफाई आदि के प्रबंध भौतिक जिम्मेदारियां हैं, लेकिन रहवासी संघ को क्षेत्र में सामाजिकता बनी रहे, उसके लिए भी प्रयास करने चाहिए। मिडटाउन सहकारी समिति द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। मिड टाउन कालोनी में नगर निगम से अनुबंध कर बल्क कनेक्शन योजना शुरू की गई है। इससे पूर्व यहां टेंकर से पानी दिया जा रहा था, लेकिन अब नलों से सीधे घरों में पानी पहुंचेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व पार्षद सुशीला परमार, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा एवं समिति पदाधिकारी मंचासीन रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा कर अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मीणा, उपाध्यक्ष मुकेश टांक आदि का स्वागत किया।

पत्रिका 14/10/21

# भविष्य की कल्पना है रहवासी संघ की व्यवस्था-विधायक काश्यप

## मिड टाउन कॉलोनी में बल्क पेयजल कनेक्शन का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



विधायक चेतन्य काश्यप ने मिड टाउन कालोनी में बल्क पेयजल कनेक्शन योजना का समारोह पूर्वक शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि रहवासी क्षेत्र बेहतर कैसे बने, उसके लिए रहवासी संघ का गठन करना आवश्यक है। रहवासी संघ द्वारा क्षेत्र की व्यवस्थाओं का संचालन भविष्य की कल्पना है। क्षेत्रवासी संघ के माध्यम से नागरिक सुविधाओं का पूरा ध्यान रखें। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व पार्षद सुशीला परमार, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा एवं समिति पदाधिकारी मंचासीन रहे।

श्री काश्यप ने कहा कि पानी एवं साफ-सफाई आदि के प्रबंध भौतिक जिम्मेदारियां है, लेकिन रहवासी संघ को क्षेत्र में सामाजिकता बनी रहे, उसके लिए भी प्रयास करने चाहिए। मिडटाउन सहकारी समिति द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि रतलाम में विकास का क्रम चल रहा है। औद्योगिक कोरीडोर की स्थापना से क्षेत्र की दशा और दिशा दोनों बदल जाएगी और रतलाम को फिर से मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने में मदद मिलेगी। मिड टाउन कालोनी में नगर निगम से अनुबंध कर बल्क कनेक्शन योजना शुरू की गई है। इससे पूर्व यहां टेंकर से पानी दिया जा रहा था, लेकिन अब नलों से सीधे घरों में पानी पहुंचेगा। श्री काश्यप ने इस अवसर पर मिड टाउन सहकारी समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा कर अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मीणा, उपाध्यक्ष मुकेश टांक आदि का स्वागत किया। क्षेत्रवासियों द्वारा शहर के चौतरफा विकास के लिए श्री काश्यप का अभिनंदन किया गया। आरंभ में स्वागत भाषण मण्डल महामंत्री राकेश परमार ने दिया इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष संतोष पोरवाल, पूर्व महामंत्री गोपाल शर्मा, पिछड़ा मोर्चा जिला संयोजक दिनेश राठौड़, वार्ड संयोजक राधेश्याम मारू, समिति के उषा राजपूत, आर्य मोदी, मण्डल पदाधिकारी भुपेन्द्र कावड़िया, मुबारिक शैरानी, हार्दिक मेहता, दिनेश गुर्जर, नितेश सोनी, नीरज परमार, गोपाल पोरवाल, राकेश धवाई, निगम इंजीनियर सुहास पंडित एवं मोहन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवन्तिका।

अवन्तिका 14/10/21